दिनांक 31.01.2023

# प्रेस विज्ञप्ति

********

**वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में रेलटेल की समेकित आय 462 करोड़ रुपये रही।**

**1.50 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम लाभांश घोषित।**

**बाजार में कमजोर परिस्थितियों के बावजूद हम अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। परिचालन राजस्व में लगातार वृद्धि के साथ ही अच्छा मुनाफा भी दर्ज कर रहे हैं: श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल।**

---

रेलटेल ने वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में 462 करोड़ रुपये की समेकित आय (Consolidated Income) की घोषणा की है जो पिछली तिमाही (QOQ) से 5 प्रतिशत अधिक है। 31 जनवरी 2023 को आयोजित 137वीं बोर्ड बैठक में इसकी घोषणा की गई। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023 के 9 महीनों में, वित्तवर्ष 2022 की इसी अवधि की तुलना में, राजस्व में 17% की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने तीसरी तिमाही में 17% का EBITDA मार्जिन हासिल किया है।

इसके साथ ही रेलटेल ने समेकित आधार पर वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही के दौरान 43 करोड़ रुपये का कर-पूर्व-लाभ (PBT) और 32 करोड़ रुपये का कर-पश्चात-लाभ (PAT) दर्ज किया है। मौजूदा वित्त वर्ष के 9 महीनों में रेलटेल ने 113 करोड़ रुपये का कुल कर-पश्चात-लाभ प्राप्त किया है।

इन परिणामों के बारे में रेलटेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार ने कहा, "बाजार में कमजोर परिस्थितियों के बावजूद हम अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। परिचालन राजस्व में लगातार वृद्धि के साथ ही अच्छा मुनाफा भी दर्ज कर रहे हैं। हमारे पास अभी 4700 करोड़ रुपये की ऑर्डर बुक है, जो आने वाली तिमाहियों में चरणबद्ध तरीके से लगातार राजस्व प्रदान करने वाली है। हमारा लक्षित खंड, जो कि घरेलू बाजार है, देश की बढ़ती डिजिटलीकरण आवश्यकताओं की वजह से हमारी कंपनी के लिए अच्छा साबित हो रहा है।

**रेलटेल के बारे में:**

रेलटेल, रेल मंत्रालय के अधीन एक "मिनी रत्न (श्रेणी -1)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, और आईसीटी समाधान एवं सेवा प्रदाता है, जिसके पास देश के कई कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिकफाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिकफाइबर के 61000 से अधिक मार्ग किलोमीटर के एक सुदृढ़ विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के पैनल वाले टियरIII डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंट पर एक नॉलेज़ सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेलएमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टावर को-लोकेशन, डेटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराता है। रेलटेलदेशभर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटलहब में परिवर्तित करने के लिए भारतीय रेल के साथ भी कार्य कर रहा है और कुल 6108+ से अधिक स्टेशन रेलटेल के रेलवायरवाई-फाई के साथ लाइव हैं

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**

**sucharita@railtelindia.com**